B.A. 1st Semester (Pass Course) Examination,

February-2022

HINDI

(Compulsory)

Time allowed : 3 hours] *[Maximum marks : 80*

1. किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :- 2×6=12

(क) कबीर नौबत आपणी दिन दस लेहु बजाइ।
ए पुर पाटन, ए गली, बहुरि न देखै आइ।।
कबीर कहा गरबियौ, ऊंचे देखि अकास।
काल्हि परयूं भवै लेटणां, ऊपरि जामै घास।।

(ख) मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोई।
जा तन की झाईं परत, स्याम हरित दुति होई।
कौन भाँति रहिहै बिरदु, अब देखिवी मुरारि।
बीधे मोसों आइ कै, गीधे गीधहिं तारि।।

(ग) स्याम हृदय जलसुत की माला अतिहि अनुपम छाजै री।
मनहुँ बलाक पांति नव घन में यह उपमा कछु भ्राजै री।
पीत हरित सित अरुन माल बन राजत हृदय विशाल री।
मानहुँ इन्द्र धनुष नभमण्डल प्रकट भयौ तेहि काल री।

https://www.mdustudy.com

(घ) प्रान वही जु रहैं रिझि वा पर रूप वही जिहिं वाहि रिझायौ।
सीस वही जिन वे परसे पद अंक वही जिन वा परसायौ।।
दूध वही जु दुहायो री वाही दही सु सही जो वही ढरकायौ।
और कहाँ लौ कहौं रसखानि री भाव वही जु वही मन भायौ।।

2. मीराँबाई के अनुभूति पक्ष पर प्रकाश डालिए। 8

अथवा

सूरदास के वात्सल्य वर्णन पर विचार व्यक्त करें।

3. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 150-150 शब्दों में दीजिए :- 4×4=16

(क) कबीर के राम के स्वरूप को स्पष्ट करें।

(ख) सूरदास की भाषा पर टिप्पणी करें।

(ग) तुलसी काव्य में लोकमंगल स्वरूप को स्पष्ट करें।

(घ) विहारी के शृंगार स्वरूप का वर्णन करें।

(ङ) घनानन्द के प्रेम चित्रण पर प्रकाश डालिए।

(च) रसखान की भाषा पर टिप्पणी करें।

4. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 8+8=16

(क) आदिकाल के नामकरण के विभिन्न मतों का वर्णन करें।

(ख) आदिकाल की राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक व आर्थिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए।

https://www.mdustudy.com

(ग) आदिकालीन साहित्य की विशेषताओं का वर्णन करें।

(घ) रासोकाव्य परम्परा का वर्णन करें।

5. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर 150-150 शब्दों में दीजिए :- 5+5=10

(क) हिन्दी साहित्य की काल सीमा पर टिप्पणी करें।

(ख) नाथ सम्प्रदाय का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ग) जैन कवियों को हिन्दी साहित्य की क्या देन है ?

(घ) विद्यापति की भाषा पर टिप्पणी लिखिए।

6. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर 150-150 शब्दों में दीजिए :- 5+5=10

(क) काव्य के प्रमुख तत्वों का वर्णन करें।

(ख) अलंकार के प्रकारों का वर्णन करें।

(ग) दोहा छन्द के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(घ) काव्य गुण की परिभाषा व इसके भेदों का वर्णन करें।

7. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 8×1=8

(क) कबीरदास की भाषा क्या कहलाती है ?

(ख) गोपियों को योग कैसा लगता है ?

(ग) वनगमन प्रसंग किस रचना से उद्धृत है ?

https://www.mdustudy.com

(घ) मीराँबाई किसकी उपासिका थी ?

(ङ) दो रासो ग्रन्थों के नाम बताइए।

(च) उक्ति-व्यक्ति-प्रकरण के रचयिता कौन हैं ?

(छ) शब्द शक्ति के कितने भेद हैं ?

(ज) हास रस का स्थायी भाव क्या है ?

https://www.mdustudy.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.mdustudy.com